फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री गोपाल कंसारा पिता उदयलाल जी निवासी देवगढ़ मदारिया, तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द — **अपीलांट**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, देवगढ़ — **रेस्पोण्डेंट**

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार **पत्रावली संख्या 41/2021**

कमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 16.11.2021 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, देवगढ़ को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, देवगढ़ के द्वारा जरिये पत्रांकः—/आरटीआई/2021/470 दिनांक 03.11.2021 से रिपोर्ट प्रेषित की गई। अपीलार्थी द्वारा पाली — भीलवाडा सडक मार्ग पर अतिक्रमणों के संबंध में चाही गई वांछित सूचना को PLPC में दर्ज किया जाकर दिनांक 08.09.2021 को निर्णित की जाकर सूचना अपीलार्थी एवं सूचना आयोग को प्रेषित की जा चुकि हैं। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ की रिपोर्टानुसार प्रार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना को PLPC में दर्ज किया जाकर दिनांक 08.09.2021 को निर्णित की जाकर अपीलांट को सूचना उपलब्ध करवाये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, देवगढ़ व अपीलार्थी को भिजवायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमन्द**	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)